बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल
फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– **ceo_bihar@eci.gov.in**

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 23 अक्टूबर, 2025

### चिरैया बनी बिहार की नई शुभंकर – मतदाता जागरूकता की नई उड़ान

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के आलोक में निर्वाचन संबंधी जागरूकता को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित राज्य स्तरीय शुभंकर (Mascot) प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप 'चिरैया' को राज्य का आधिकारिक शुभंकर चुना गया। आज इसका औपचारिक अनावरण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विनोद सिंह गुंजियाल द्वारा बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के आलोक में किया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अमित पाण्डेय, श्री प्रशांत कुमार सी०एच०, श्री माधव कुमार सिंह संयुक्त सचिव, श्री मिथिलेश कुमार साहु, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अशोक प्रियदर्शी, श्री मनोज कुमार सिंह, श्री रत्नांबर निलय, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री धीरज कुमार, श्री विजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी श्री कपिल शर्मा, श्रीमती प्रियदर्शी पाल, अवर सचिव श्री प्रमोद कुमार, श्री उदय कुमार, जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री रंजीत कुमार रंजन सहित निर्वाचन विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री गुंजियाल ने कहा कि जिस प्रकार एक चिरैया हर सुबह नई ऊर्जा और आशा लेकर उड़ान भरती है, उसी प्रकार यह शुभंकर हर मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित करेगी। 'चिरैया' लोगों को यह याद दिलाएगी कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने का कर्तव्य भी है। यह हमें याद दिलाती है कि हर मतदाता की भागीदारी लोकतंत्र की सबसे सुंदर उड़ान है।"

यह शुभंकर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के माध्यम से भी मतदाताओं के मध्य प्रचारित–प्रसारित किया जायेगा ताकि सभी सहभागी पक्षों की मतदान के अवसर पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। चिरैया शुभंकर के माध्यम से बिहार में मतदाता सहभागिता बढ़ाने, विशेषकर युवा, महिला और प्रथम बार मतदाताओं को जोड़ने की दिशा में निर्वाचन विभाग नए उत्साह और सृजनात्मकता के साथ कार्य करेगा।

****************